BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 24 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना का भव्य समर कॉर्निवाल सम्पन्न




**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्र महिला मंच ने अबिड्स स्थित केमिस्ट भवन में समर कार्निवाल भव्य रूप से आयोजित किया। मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग ने बताया कि महिलाओं और बच्चों द्वारा 32 स्टॉल्स लगाए गए जिसमे चटपटी चाट, समोसे, भेलपुरी, ठंडे पेय पदार्थ, गाय का घी, मसाले, पापड़ व अन्य बच्चों ने गेम्स, महिलाओं ने विविध प्रकार के परिधानों की दुकानें लगाईं।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलावती जी जाजू रहीं जिन्होंने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संतोष अग्रवाल एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महाराजा श्री अग्रसेन जी के समक्ष कर पुष्प अर्पित किए गए। दीपा गर्ग, मंत्राणी अंजू गोयल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत शॉल भेंट कर किया।

कलावती जाजू ने अत्यंत सुंदर व्यवस्था करने के लिए मंच की महिलाओं के उत्साह की प्रशंसा की। बच्चों को भी लगन से कार्य करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही अपने विचारों द्वारा कहा कि आज बच्चों को सबसे ज्यादा संस्कार सिखाना चाहिए। महिलाओं को भी आगे बढ़कर,परिवार को महत्व देकर अन्य कार्यों में अपना सहयोग कर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि का परिचय सरला अग्रवाल द्वारा किया गया।

डॉक्टर कृष्णा द्वारा फ्री डेंटल चेकअप किया गया। कार्यक्रम में मंच की कार्यकारणी सदस्यों का भी सहयोग रहा। इसी कड़ी में दीपा गर्ग, अंजू गोयल ने सभी को फ्री तंबोला खिलाया। विजेताओं को मंच द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने गेम्स का और सभी ने इस कार्निवाल में आनंद लिया। प्रभावती अग्रवाल के सभी को धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बस पलटने से हैदराबाद की दो बालिकाओं की मौत, 10 अन्य घायल




**कुरनूल, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कोडुमुर गांव में गुरुवार को एक निजी ट्रैवल्स की बस के पलट जाने से दो बालिकाओं की मौत हो गई और अन्य दस यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा तब हुआ जब बस का ड्राइवर हाइवे पर तेज रफ्तार में एक लॉरी को ओवरटेक कर रहा था। बस 40 यात्रियों को लेकर हैदराबाद से अडोनी जा रही थी।

दुर्घटना में हैदराबाद की निवासी लक्ष्मी (13) और गोवर्धनी (8) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को अडोनी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक यात्री की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।




# अग्रवाल समाज राणी सती दादी महिला शाखा की सावन की सैर 29 जुलाई से



**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा की सावन की सैर को लेकर गुरुवार को अध्यक्ष रिंकू गर्ग के निवास स्थान पर बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सावन की सैर के तहत अयोध्या धाम के दर्शन किए जाएं। इसके तहत श्री रामालल्ला के दर्शन, प्रयागराज संगम स्नान और श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन करना शामिल है।

यह यात्रा 29 जुलाई से 2 अगस्त तक रखी गई है। यह यात्रा 29 जुलाई सिकंदराबाद ट्रेन से बनारस के लिए रवाना होगी और वापसी के लिए 2 अगस्त को प्रयागराज से भाग्यनगर के लिए फ्लाइट से प्रस्थान करेगी। इस यात्रा में ट्रेन, इंटरसिटी, लोकल ट्रांसपोर्ट, होटल, नाश्ता और दो टाइम का भोजन, दर्शन टिकट और फ्लाइट टिकट शामिल है। इच्छुक लोगों से अपनी यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अंतिम तिथि 27 मई तय की गई है। बैठक के दौरान रिंकू गर्ग, हेमा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, अर्चना संघी, कविता संघी, सुशीला केडिया, सीमा अग्रवाल, कविता गोयल, पूनम तुलसियान आदि उपस्थित थीं। इस यात्रा का खर्च 18,000 रुपए प्रति व्यक्ति निश्चित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए फोन पर रिंकू गर्ग ,7981087857, मोनिका अग्रवाल 7780564856, कविता संघी 8885306206, अर्चना संघी 7702054198 आदि से संपर्क किया जा सकता है।

# रामागुंडम फ्रेट डिपो इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाण पत्र से सम्मानित




**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के प्रमुख माल डिपो में से एक रामागुंडम रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) डिपो को आईआरसीए-लएएसएस सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रभाग, इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स से प्रतिष्ठित इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम्स (आईएमएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। लिमिटेड रामागुंडम डिपो दमरे का एकमात्र माल डिपो है जिसे आईएमएस प्रमाणीकरण से सम्मानित किया गया है। डिपो की समग्र हाउसकीपिंग में सुधार और रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने से इस उपलब्धि को हासिल करने में मदद मिली है।

तेलंगाना राज्य के पेद्दापल्ली जिले में स्थित रामागुंडम फ्रेट डिपो की स्थापना वर्ष 1982 में की गई थी। डिपो विभिन्न गतिविधियों जैसे आरओएच (नियमित ओवरहालिंग) ध्यान, यार्ड परीक्षा और बॉक्सएन, बीओबीआरएन, बीसीएन जैसे विभिन्न प्रकार के वैगनों की सिक लाइन ध्यान दे रहा है। इस डिपो का नियमित ओवरहालिंग आउटपुट 280 वैगन प्रति माह है। डिपो एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) जैसे निजी वैगनों का आरओएच भी कर रहा है।

एक एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) प्रमाणन कई प्रबंधन प्रणाली मानकों के लिए एक प्रमाणन है जिसका मूल्यांकन आमतौर पर एक ही ऑडिट में किया जाता है। प्रमाणीकरण पुष्टि करता है कि रामागुंडम डिपो ने विभिन्न मानकों और विनियमों को पूरा करने में अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए प्रबंधन प्रणालियों (जैसे गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन) को सफलतापूर्वक लागू और एकीकृत किया है। आईएमएस प्रमाणीकरण माल डिपो को अपनी प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने और समग्र दक्षता में सुधार करने की अनुमति देगा।

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रामागुंडम फ्रेट डिपो के लिए आईएमएस प्रमाणीकरण प्राप्त करने में उनके प्रयासों के लिए सिकंदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और मंडल के मैकेनिकल विंग भरतेश कुमार जैन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रमाणीकरण से गुणवत्ता और उत्पादकता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं में और वृद्धि होगी।

# नेपाल में पशुपतिनाथ-मुक्तिनाथ और मनोकामना देवी यात्रा उत्साह के साथ जारी

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री जगन्नाथ मठ माधव दास झिरा सीतारामबाग के सौजन्य से 16 मई आयोजित की नेपाल में मुक्तिनाथ, काठमांडू, पोखरा, मनोकामना देवी यात्रा भव्यता एवं उत्साह के साथ स्वामी अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी के सानिध्य में चल रही है।श्रीश्री श्री श्रीनिवास त्रिदंडी व्रतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी यात्री एवं भागवत प्रेमी गण बड़े ही उत्साह के साथ काठमांडू स्थित पशुपति नाथ मन्दिर मे भगवान श्री पशुपति नाथ,



जोमशोम मुक्तिनाथ में अष्ट वैकुंठ धाम भगवान श्री नारायण, माता सरस्वती एवं लक्ष्मी के साथ विराजमान हैं उनके दर्शन कर अभिभूत हुए और अपने आपको सौभाग्यशाली माना। यात्रा में लव फॉर फाउंडेशन ट्रस्ट के ए रमेश रितेश जागीरदार, प्रशांत अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, गुलाबचंद देवड़ा, नितेश चौधरी, मांगीलाल प्रजापति, गुलाब चंद देवड़ा, निर्मला, नितेश-दिव्या अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, राम कुमार पवार, सावित्री सिंह चौधरी, प्रशांत दीक्षित, अनिल महाराज, कृष्ण बिहारी, के धनराज आदि शामिल हैं।

# नृसिंह मंदिर सुल्तान बाजार में भगवान नृसिंह जयंती उत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नृसिंह मंदिर के ट्रस्टी कमलनारायण अग्रवाल एवं गोविंद नारायण राठी ने बताया कि बुधवार शाम नृसिंह जयन्ती उत्सव पंडित गणेश महाराज ने नृसिंह भगवान का चेहरा पहनकर भगवान के अवतार के रूप में मंदिर प्रांगण के हजारों भक्तो को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी रमेश महाराज ने नृसिंह भगवान की आरती गयी उसके पश्चात नृसिंह मंदिर प्रांगण में भक्तो को जोश और बढ़ गया और नरसिंह भगवान के जयजयकार के मंत्र का उच्चारण किया। हरिश दायमा, निनिकुंज दायमा एवं सुमित राठी ने भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। भक्तों के के लिए मंदिर प्रांगण में प्रसाद की व्यवस्था की गयी और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर धर्म विभाग के डिप्टी कमिश्नर रामकृष्ण राव, सुपरिन्टेड भास्कर राव, इंस्पेक्टर सुरेखा, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़, पार्षद शंकर यादव, पूर्व पार्षद मुकेश सिंह, रामाराजू, कमल सिंह, महेंद्र व्यास सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वानापर्थी में बीआरएस नेता की निर्मम हत्या

## पार्टी ने कांग्रेस पर लगाया हत्या की राजनीति करने का आरोप

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



कोल्हापुर में एक स्थानीय बीआरएस नेता की बुधवार रात हत्या कर दी गई। 45 वर्षीय श्रीधर रेड्डी अपने घर के बाहर सो रहे थे, जब वानापर्थी जिले के चिन्नामबी मंडल के लक्ष्मीपल्ली गांव में उनकी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने गुरुवार को तेलंगाना के वानापर्थी जिले में अपने नेता श्रीधर रेड्डी की हत्या की निंदा की और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर हत्या की राजनीति करने का आरोप लगाया। श्रीधर रेड्डी की अज्ञात व्यक्तियों ने चिन्नमबावी मंडल के लक्ष्मीपल्ली गांव में हत्या कर दी थी। बीआरएस नेता टी. हरीश राव ने श्रीधर रेड्डी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के पांच महीने के भीतर अकेले कोल्हापुर निर्वाचन क्षेत्र में दो बीआरएस नेताओं की हत्या कर दी गई।उन्होंने कहा कि कई जगहों पर बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। यह कहते हुए कि लोकतंत्र में हत्या की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है, पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे हमले बीआरएस को लोगों के मुद्दों पर आवाज उठाने से नहीं रोकेंगे। उन्होंने बीआरएस कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। बीआरएस नेता ने राजनीति से प्रेरित हत्याओं की तत्काल जांच करने और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की।बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव अन्य बीआरएस नेताओं के साथ श्रीधर रेड्डी के परिवार को सांत्वना देने के लिए वानापर्थी जिले के लिए रवाना हुए। बीआरएस नगरकुर्नूल से सांसद उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी आर.एस. प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया कि ताजा हत्या पार्टी द्वारा पुलिस महानिदेशक से शिकायत करने के ठीक 10 दिन बाद हुई कि बीआरएस नेताओं के जीवन को गंभीर खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के प्रोत्साहन से हत्याएं हो रही हैं।



**गौ सेवा मित्र मंडल द्वार श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में 26 मई को आयोजित होने वाली श्री श्याम भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप माधवी लता हैदराबाद से भाजपा के सांसद उम्मीदवार अमंत्रित करते हुए मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रदीप मोर, सचिन कनोडिया एवं यश अग्रवाल आदि।**

# परम पूज्य उपाध्याय प्रवर का स्वर्ग गमन, श्रद्धांजलि आज

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री जयमल जैन स्वाध्याय ज्ञान केंद्र सिकंदराबाद व्याख्यान वाचस्पति आशु कवि उग्र विहारी, गचछादि पति श्री पार्श्व चंद्र जी महाराज साहब के शिष्य उपाध्याय गुणवंत मुनि जी महाराज साहब का गुरुवार को राजस्थान के पीपाड़ में समथारा पूर्वक समाधि मरण हो गया। साधु समाचारी के दृढ़ पालक तपस्वी रत्न और आराधक साधक श्री गुणवंत मुनि जी महाराज साहब को श्री जयमल जैन स्वाध्याय ज्ञान केंद्र महामंत्र नवकार का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं प्रार्थना करता है कि वह अपना लक्ष्य परम मोक्ष प्राप्त कर जन्म मरण की इस श्रृंखला को समाप्त करें। श्री जयमल जैन स्वाध्याय ज्ञान केंद्र सिकंदराबाद के सभी सदस्य आज शुक्रवार को प्रातःजीव दया के कार्यक्रम के अंतर्गत जनता कबूतर खाना जेल खाना में कबूतर को दाना प्रदान करेंगे। सभी सदस्यों एवं धर्म प्रेमियों से प्रार्थना 7:00 बजे कबूतरों को दाना देने अवश्य पधारें। तत्पश्चात भाग्यनगर गोशाला मे पहली रोटी गो माता के नाम कर पूज्य श्री को श्रद्धापूर्वक नमन करेंगे।

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ DAILY

# चलो मचेरला कार्यक्रम रोकने के लिए पुलिस ने कई तेदेपा नेताओं को किया नजरबंद



**अमरावती, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के चलो मचेरला कार्यक्रम को रोकने से लिए गुरुवार को पार्टी के कई बड़े नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया। पलनाडु जिले के मचेरला में मतदान के दौरान और उसके बाद सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक द्वारा कथित हिंसा के विरोध में इस मार्च का आह्वान किया गया था।

टीडीपी की योजना मचेरला पहुंचकर विधायक पिन्नेली रामकृष्णा रेड्डी द्वारा की गई हिंसा के पीड़ितों से मिलने की थी। हालांकि पुलिस ने इस मार्च की अनुमति नहीं दी और पार्टी के नेताओं को उनके घर पर नजरबंद कर दिया। पलनाडु जिले की पुलिस अधीक्षक मल्लिका गर्ग ने कहा कि पुलिस ने चलो मचेरला कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं दी है। कुछ प्रमुख टीडीपी नेताओं को मचेरला की ओर कूच करने से रोकने के लिए आज सुबह-सुबह पुलिसकर्मी उनके घरों पर पहुंचे। गुंटूर में टीडीपी नेता नक्का आनंद बाबू और के. श्रीनिवास राव को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया। गोलापुडी में पूर्व मंत्री देवीनेनी उमा को घर से निकलने से रोक दिया गया। विजयवाड़ा में पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य वर्ला रमैया को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया।

मचेरला विधानसभा क्षेत्र से टीडीपी उम्मीदवार जुलाकांटी ब्रह्मानंद रेड्डी 13 मई को मतदान के दिन से ही अपने घर में नजरबंद हैं।

इस विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। मतदान के दिन सात जगहों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाया गया था। वाईएसआरसीपी के विधायक पी. रामकृष्ण रेड्डी ने, जो लगातार पांचवीं बार जीत की उम्मीद कर रहे हैं, एक पोलिंग बूथ पर ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार को इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# देश का आर्थिक विकास भाजपा से ही संभव है : जी. नागेश



**आसिफाबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला केंद्र में भाजपा नेता अरिगेला नागेश्वर राव के आवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए पार्टी के सांसद उम्मीदवार जी. नागेश ने कहा कि देश के आर्थिक सुधार केवल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ही संभव होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा लोगों के आशीर्वाद से आदिलाबाद संसदीय चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि जीत का कारण इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ना है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भले ही मतदाताओं को प्रलोभन दिया, लेकिन मतदाता उनके प्रलोभन में कहीं भी नहीं आए। उन्होंने चुनाव में उनका समर्थन करने वाले हर कार्यकर्ता और मतदाता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में ही संभव है। उन्होंने कहा कि बीजेपी राज्य में दस सीटें जीतेगी और दो सीटें और जीतने की कगार पर है। उन्होंने याद दिलाया कि मंचिरयाला से कुमरमभीम जिले के माध्यम से महाराष्ट्र सीमा तक राजमार्ग सड़क का निर्माण 2.5 हजार करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। इसके अलावा ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांवों में सीसी रोड, साइड नालियां व अन्य विकास कार्य कराए गए हैं। बताया गया कि आसिफाबाद जिला केंद्र में अर्बन फंड के माध्यम से कई कार्यक्रम चलाए गए हैं। प्रेस कांफ्रेंस में निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी कोटनका विजय कुमार, वरिष्ठ नेता अरिगेला नागेश्वरराव, जिला उपाध्यक्ष कंड्रे विशाल, एमपीपी मल्लिकार्जुन यादव, नेता प्रसाद गौड़, विलास, सत्यनारायण, पेंटैया, प्राहा लाड और अन्य ने भाग लिया।

# हमलावर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पत्रकारों ने किया विरोध प्रदर्शन



**आसिफाबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर जिले के अंगाला तिरूपति पर हमला करने वाले खलीम की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुरुवार को आसिफाबाद और कागजनगर प्रेस क्लब के तत्वावधान में काला बिल्ला लगाकर पत्रकारों ने समाहरणालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्टर कार्यालय में याचिका दी गई। इस अवसर पर आसिफाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं महासचिव सी. एच सुरेश, कागज नगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष कृष्णमराजू और महासचिव टी. सुरेंद्र राव, वी. तिरुमाला चारी ने हमलावर खलीम की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने मांग की कि जिस स्थान पर अवैध खनन किया जा रहा है उस स्थान पर अभी तक अधिकारी नहीं गए हैं और अधिकारियों को तत्काल वहां जाकर जांच करनी चाहिए कि वहां खनन की अनुमति है या नहीं। यदि यह पट्टे की भूमि है तो उन्होंने पट्टाधारक को नोटिस जारी करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में आसिफाबाद और कागजनगर के पत्रकारों ने भाग लिया।

# पांच जून के बाद मेदिगड्डा बैराज की तरह ढह जाएगी बीआरएस : वेंकट रेड्डी

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने गुरुवार को दावा किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्याय 5 जून के बाद समाप्त हो जाएगा। लोकसभा चुनाव में बीआरएस की करारी हार की भविष्यवाणी करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि नतीजे घोषित होने के बाद बीआरएस मेदिगड्डा बैराज की तरह ढह जाएगी।



उन्होंने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के प्रति भी आगाह किया।

उन्होंने बीआरएस नेता को याद दिलाया कि जहां रेवंत रेड्डी एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना पहला चुनाव जीतकर नेता बने थे, वहीं वह अपने पिता के.चंद्रशेखर राव के कारण राजनीति में आए थे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की संपत्ति लूटने के बाद केसीआर परिवार दिल्ली चला गया। वह दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता की गिरफ्तारी का जिक्र कर रहे थे। वेंकट रेड्डी ने उल्लेख किया कि कविता के खिलाफ 8,000 पेज का आरोप पत्र दायर किया गया था और पूछा गया कि क्या यह बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के दायर किया जा सकता था।

वेंकट रेड्डी ने कांग्रेस सरकार को खाली खजाना सौंपने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की। मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार चुनावी वादों को प्राथमिकता के क्रम में लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उन किसानों को मुआवजे के रूप में 1,500 करोड़ रुपए का भुगतान किया जिनकी फसलें बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण नष्ट हो गईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित नगर पालिकाओं की अनुमति के बिना जिलों में बीआरएस कार्यालयों का निर्माण किया गया।

वेंकट रेड्डी ने कहा कि हालांकि नियमों के अनुसार सरकारी अस्पताल की इमारतों में 14 मंजिल से अधिक नहीं हो सकते हैं, एलबी नगर में अस्पताल का निर्माण अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनअ-ेसी) के बिना किया गया था। उन्होंने याद दिलाया कि उन्होंने पिछली सरकार से एंडी श्री के गीत जया जया हे तेलंगाना को राज्य गीत घोषित करने की मांग की थी लेकिन उन्होंने मांग को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार ने तेलंगाना के कवि कालोजी नारायण राव के नाम पर एक सभागार का नाम रखने की मांग को भी नजरअंदाज कर दिया।

# तेलंगाना सरकार ने टी-वर्क्स और वी-हब में नए सीईओ की नियुक्ति की

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने बुधवार को जोगिंदर तनिकेला और सीता पल्लाचोला को क्रमशः टीवर्क्स और वीई-हब का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया। सरकार ने साई कृष्णा को सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार मंत्री का आईटी पोर्टफोलियो सलाहकार भी नियुक्त किया है।




जोगिंदर तनिकेला और सीता पल्लाचोला को तीन-तीन साल के लिए नियुक्त किया गया है, वहीं साई कृष्णा को दो साल के लिए सलाहकार बनाया गया है।

जोगिंदर आनंद राजगोपालन का स्थान लेंगे, जिन्हें कांग्रेस सरकार के सत्ता संभालने के बाद पिछले साल दिसंबर में प्रभारी सीईओ नियुक्त किया गया था।

पिछले साल खोले गए टीवर्क्स को भारत के सबसे बड़े प्रोटोटाइप केंद्र के रूप में जाना जाता है।

तेलंगाना सरकार की इस पहल का उद्देश्य भारत में शौकीनों, निर्माताओं और नवप्रवर्तकों की संस्कृति का निर्माण करना है। वीई हब महिला उद्यमियों के लिए भारत का पहला राज्य के नेतृत्व वाला इनक्यूबेटर है। यह याद किया जा सकता है कि आनंद राजगोपालन को टीवर्क्स का प्रभारी सीईओ नियुक्त किए जाने से पहले, सुजाई करमपुरी यह पद संभाल रहे थे। वह इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक (प्रचार) और टी-फाइबर के प्रमुख भी थे। दिसंबर में उन्हें सभी तीन पदों से हटा दिया गया था क्योंकि उन्होंने इस आधार पर इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था कि वह राजनीतिक नियुक्ति नहीं थी। सुजाई को पूर्व आईटी मंत्री केटीआर का करीबी माना जाता है।

# वेंगाम्बा ने महिला सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया : विशाखा सारदा पीठाधिपति

**तिरूपति, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विशाखा सारदा पीठम के पुजारी स्वरूपानंदेंद्र सरस्वती स्वामी ने गुरुवार को कहा कि 18वीं सदी की संत-कवयित्री मातृश्री तारिगोंडा वेंगमांबा ने सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ते हुए अपने समय में महिला सशक्तिकरण की शुरुआत की और तिरुमाला में अन्नप्रसादम की शुरुआत की।

आज शाम टीटीडी के वेंगमाम्बा प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित 294वें वेंगमाम्बा जयंती उत्सव के दौरान एसवीईटीए में टीटीडी के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने वकालत की कि हिंदू सनातन धर्म के सार को ट्विटर, फेसबुक जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जाना चाहिए। ताकि यह समाज के बड़े हिस्सें तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा, भारत के प्राचीन मंदिर ज्ञान, नैतिकता, समाज सेवा के केंद्र होने के साथ-साथ आय सृजन केंद्र भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को इस तेजी से बढ़ती दुनिया में हिंदू धर्म को व्यापक तरीके से प्रचारित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे वैदिक धर्म को बनाए रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि टीटीडी को अपने श्री वेंकटेश्वर भक्ति चैनल का सर्वोत्तम उपयोग करने और धार्मिक पुस्तकों को प्रकाशित करने के अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से हिंदू धर्म प्रचार भी करना चाहिए क्योंकि आज अधिकांश लोगों के पास ट्विटर, व्हाट्सएप, फेसबुक अकाउंट हैं।

# दमरे जीएम अरुण कुमार ने चेर्लापल्ली और सनतनगर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**हैदराबाद, 23 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने गुरुवार को चेर्लापल्ली सैटेलाइट टर्मिनल का विस्तृत निरीक्षण किया।

उनके साथ नीरज अग्रवाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), के.आर.के. रेड्डी, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, सी. मधुसूदन राव, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बी. नाग्या, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, एससीआर, भरतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

अरुण कुमार जैन ने आगामी कोचिंग टर्मिनल, चेर्लापल्ली में चल रहे कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया, जिसे जुड़वां शहरों के लिए एक नए और वैकल्पिक कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है। महाप्रबंधक को बुनियादी ढांचे के कार्यों और अन्य यात्री सुविधाओं की प्रगति के बारे में



विस्तार से अधिकारियों द्वारा बताया गया। उन्होंने कोच रखरखाव सुविधाओं और अन्य बुनियादी ढांचे के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। नए टर्मिनल को हवाईअड्डों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है।

स्टेशन को लगभग 430 करोड़ रुपए की लागत से कई आधुनिक सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। यात्रियों को संभालने के लिए आधुनिक वास्तुकला के साथ एक नया स्टेशन भवन बनाया जा रहा है। स्टेशन भवन में छह बुकिंग काउंटर, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रतीक्षालय, साथ ही एक उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय और भूतल पर एक कार्यकारी लाउंज शामिल होगा।

इसके अतिरिक्त, पहली मंजिल पर महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए एक कैफेटेरिया, रेस्तरां और विश्राम कक्ष की सुविधाएं होंगी। डिज़ाइन में विशाल समवर्ती क्षेत्र और प्रबुद्ध मुखौटा प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक ऊंचाई होगी।

पुनर्विकसित स्टेशन में 4 अतिरिक्त उच्च-स्तरीय प्लेटफार्म होंगे, जबकि मौजूदा 5 प्लेटफार्मों को भी पूरी लंबाई की ट्रेनों को समायोजित करने के लिए बढ़ाया गया है। निर्बाध अंतर-प्लेटफ़ॉर्म आवाजाही की सुविधा के लिए दो नए फुट ओवर ब्राइड- एक 12 मीटर चौड़ा और दूसरा 6 मीटर चौड़ा।

इसके अलावा, सभी 9 प्लेटफार्मों पर यात्रियों की आवाजाही की सुविधा के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट यानी कुल 7 लिफ्ट, 6 एस्केलेटर होंगे। स्टेशन से ट्रेनों को शुरू करने की सुविधा के लिए इसमें कोच रखरखाव की सुविधा भी होगी। बाद में, महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने चेर्लापल्ली- मौलाअली- अम्मुगुडा - सनतनगर खंड का रियर विंडो निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सनतनगर रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी की।


सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल को देवगौड़ा ने दी चेतावनी, कहा–

# भारत लौटो और जांच का सामना करो, परिवार की नहीं सुनोगे तो हम तुम्हें छोड़ देंगे

**बेंगलुरु, 23 मई (एजेंसियां)।** पूर्व पीएम और जेडीएस प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने गुरुवार को अपने पोते और सेक्स स्कैंडल में आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को चेतावनी दी कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी।

देवगौड़ा ने ये भी कहा कि अगर उनके पोते को दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस मौके पर मैं सिर्फ एक चीज कर सकता हूं कि प्रज्वल को सख्त चेतावनी देकर वापस आने के लिए और पुलिस को सरेंडर करने के लिए कहूं।

उसे खुद को कानूनी प्रक्रिया के हवाले कर देना चाहिए। देवगौड़ा ने कहा कि मैं प्रज्वल से रिक्वेस्ट नहीं, बल्कि उसे चेतावनी दे रहा हूं। अगर वह इस चेतावनी को नहीं मानता तो उसे मेरा और पूरे परिवार का गुस्सा झेलना पड़ेगा। उसके



खिलाफ लगे आरोपों को तो कानून देखेगा, लेकिन अगर वह परिवार की बात नहीं सुनेगा तो हम उसे अकेला छोड़ देंगे। अगर मेरे लिए उसके मन में थोड़ी भी इज्जत बाकी है तो उसे तुरंत लौट आना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि मैं यह भी साफ कर देना चाहता हूं कि इस मामले में पुलिस की जांच में मेरे या मेरे परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। इसे लेकर मेरे मन में कोई भावना नहीं है। मैं सिर्फ उन लोगों को न्याय दिलाने के बारे में सोच रहा हूं, जिन्हें प्रज्वल के कारनामों की वजह से तकलीफ हुई। देवगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल ने मुझे और मेरे परिवार, मेरे साथियों, दोस्तों और पार्टी कार्यकर्ताओं को जो तकलीफ और शॉक दिया, उससे बाहर आने में काफी समय लगा।

मैं पहले भी कह चुका हूं कि अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे पता है कि इस मामले को लेकर पिछले कुछ दिनों में लोगों ने उनके और उनके परिवार के खिलाफ कई खराब बातें बोलीं। इन लोगों को मैं रोकना नहीं चाहता।

न उनकी बुराई करना चाहता हूं और न ये कहना चाहता हूं कि उन्हें सभी तथ्य सामने आने का इंतजार करना चाहिए था। मैं लोगों को यह यकीन भी नहीं दिला सकता कि मुझे प्रज्वल की गतिविधियों के बारे में पता नहीं था और मेरे मन में उसका बचाव करने की इच्छा नहीं है। मुझे उसकी फॉरेन ट्रिप के बारे में भी नहीं पता था।

# आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है :भजनलाल

**नई दिल्ली, 23 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आम आदमी पार्टी (आपा) को भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी बताते हुए कहा है कि यह बहुत ही हास्याप्रद है कि प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर चुके आप के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के कारण जेल जाना पड़ा।श्री शर्मा लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत गुरूवार को उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा प्रत्याशी योगन्द्र चंदोलिया के समर्थन में दिल्ली के रोहिणी में अपने रोड शो के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी ही पार्टी की वरिष्ठ नेता के



साथ बदतमीजी की, तो दिल्ली की माताओं–बहनों को सुरक्षा कैसे देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा के पक्ष में वोट डालकर इन पाखंडियों को जवाब देगी।श्री शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। भारत में पिछले 10 वर्षों में किए गए अभूतपूर्व कार्यों से जनता का उन पर पूरी तरह से विश्वास कायम है। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा, देश का विकास करने और आतंकवाद एवं नक्सलवाद को मिटाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जिससे पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है और विश्व भारत को उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।श्री शर्मा ने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि यह केवल भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति करती है। इस पार्टी ने केवल परिवारवाद को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इसके नेता राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी से लेकर आज इस पीढ़ी राहुल गांधी तक गरीबी हटाओ का नारा दे रहे हैं लेकिन इनका गरीब से कोई सरोकार नहीं है। इस देश में गरीब कल्याण के लिए श्री मोदी न केवल सोचते हैं बल्कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर गरीब की हरसंभव मदद भी करते हैं।

# भुट्टो ने पैसे के लालच में बेची विधायकी: सुखविंदर सिंह

**ऊना, 23 मई (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को कहा कि विधायक देवेंद्र भुट्टो ने पैसे के लालच में अपनी विधायकी बेची है। उन्होंने मतदाताओं से एकजुट होकर भुट्टों के खिलफ वोट डालने की अपील की। श्री सुक्खू ने कहा कि भुट्टो ने कुटलैहड़ क्षेत्र की सारे खड्डों को खाली कर दिया। यह खनन माफिया है, इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा और चिंतपुर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंब में लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा और कुटलैहड़ सीट से विधानसभा उम्मीदवार विवेक शर्मा के लिए वोट की अपील करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भुट्टो जब भी मेरे पास आता था, पीएमजीएसवाई के टेंडर की बात करता था। हमेशा यह कहता कि सड़कों के पैसे दे दीजिए, यह टेंडर अपने साथियों को दिलाने हैं। उसे पैसे का लालच इतना था कि अपनी विधायकी बेच दी। उन्होंने कहा कि कपटी का कभी अंदाजा नहीं होता। भुट्टो कपटी था इसलिए बिक गया। राज्यसभा चुनाव से पिछली रात कह रहा था कि भाई जी सब ठीक हो गया है। मुझे क्या पता था पहले ही बिक चुका है। राज्यसभा उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी से भी भुट्टो ने कहा था कि चुनाव जीतने पर सड़कों के लिए पैसे दे देना, मेरी जेसीबी है काम मिल जाएगा।

श्री सुक्खू ने कहा कि भुट्टो ने



2022 में अपनी संपत्ति लगभग पांच करोड़ दिखाई थी, 14 महीने बाद अब 15 करोड़ रुपये शपथ पत्र में दिखाई है। बेटे की संपत्ति 2022 में कुछ नहीं दिखाई थी, अब भरे शपथ पत्र में पांच करोड़ दिखाई है। इनके पास कौन सी गीदड़सिंगी है कि 14 महीने में 14 करोड़ रुपये की संपत्ति बढ़ गई। यह खनन माफिया हैं और बाप और बेटे ने आपकी संपदा को लूटा है। दोनों जल्दी जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का ऑपरेशन लोटस फेल हुआ है, वह जितना मर्जी जोर लगा लें, कांग्रेस सरकार पूरे पांच साल जनता के काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नोट के दम सत्ता हथियाना चाहते हैं, उन्हें सबक सिखाने का सही समय एक जून है। आजाद विधायक भाजपा के सामान से भरे अटैची को देखकर अपनी विधायकी की बोली लगा रहे हैं। यह चुनाव सरकार का नहीं, जनता का है, इससे भविष्य की राजनीति की दशा एवं दिशा तय होगी। भाजपा कार्यकर्ता भी पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर वोट करें। बिके हुए विधायक का झोला उठाकर न चलें। प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर श्री ठाकुर मौन रहे। कुम्भकर्णी नींद सोए रहे और प्रदेश की सारी संपदा लुटा दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हितों के साथ समझौता किया। शिक्षा के क्षेत्र में 18वें स्थान पर पहुंच गए। श्री ठाकुर जान गए हैं कि यह चुनाव जनता लड़ रही है। उन्हें पता चल चुका है कि जनता किसी भी तानाशाह को उखाड़ फेंकती है। अब श्री ठाकुर को भगवान पर भी विश्वास नहीं रहा है। इस दौरान विधायक सुदर्शन बबलू, लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा, विधानसभा उम्मीदवार विवेक शर्मा, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, लोकसभा प्रभारी डॉ. धीरज देसाई, ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देश राज गौतम, कर्नल धर्मेंद्र पटियाल, देश राज मौदगिल, अनिल मनकोटिया, विवेक मिक्का, सुमित शर्मा, रविंद्र फौजी, राजेश पराशर इत्यादि मौजूद रहे।

# राजनाथ सिंह ने भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के लिये मांगे वोट

**चंडीगढ़, 23 मई (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पलवल के गांव सौलदा में आयोजित विजय संकल्प रैली में फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के लिए वोट मांगे।

श्री सिंह ने कहा कि 25 मई को भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनायें। प्रदेश में सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलाकर भाजपा को बहुमत दिलायें। देश– प्रदेश के विकास को मजबूत करें। देश की सेना को मजबूत करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करें, ताकि वह देशहित में निःसंकोच होकर फैसले ले सकें।

उन्होंने कहा कि देशभर में मोदी द्वारा किये गये कामों के बूते पर ही भाजपा लगातार तीसरी बार देश में श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि इन चुनावों के बाद कांग्रेस देश में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जायेगी। आज से 10 साल बाद देश की जनता पूछेंगे, कि कांग्रेस क्या थी। श्री सिंह ने कहा, कृष्ण पाल गुर्जर जैसा प्रत्याशी आपको मिला है। आप भाग्यशाली हैं। कोई इन पर आरोप नहीं लगा सकता। इन पर आज कोई अंगुली नहीं उठा सकता।

# आरएसएस प्रमुख भागवत त्रिपुरा के पांच दिवसीय दौरे पर अगरतला पहुंचे



**अगरतला, 23 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत त्रिपुरा के आरएसएस मुख्यालय सेवा धाम में क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय दौरे पर गुरुवार को यहां पहुंचे।

गौरतलब है कि 18 मई से शुरू हुए 20 दिवसीय शिविर में सात पूर्वोत्तर राज्यों के 152 स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आरएसएस के 40 वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कम से कम 30 प्रशिक्षक शिविर में भाग ले रहे हैं। डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान प्रशिक्षण शिविर के विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा उनका कोई अन्य कार्यक्रम नहीं है। वह 27 मई को त्रिपुरा से रवाना होंगे।

उल्लेखनीय है कि आरएसएस युवाओं और पेशेवरों के बीच राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने और प्रचारित करने के लिए विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है, जो तीन दिनों के परिचय वर्ग (परिचय प्रशिक्षण), 15 दिनों के संघ शिखा वर्ग (संघ सीखने के सत्र), 20 दिनों के कार्यकर्ता विकास वर्ग (स्वयंसेवक विकास सत्र), 25 दिनों का कार्यकर्ता विकास वर्ग –2 (वरिष्ठ स्तर के स्वयंसेवक प्रशिक्षण) जैसे कार्यक्रम है और यह प्रशिक्षण शिविर का तीसरा स्तर है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों ने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख की यात्रा का पार्टी गतिविधियों से कोई संबंध नहीं है और उनकी यहां पार्टी के किसी भी पदाधिकारी के साथ कोई बैठक निर्धारित नहीं है।

# नंदीग्राम में महिला भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के बाद विरोध–प्रदर्शन

**कोलकाता, 23 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान से पहले पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में बुधवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला शाखा की कार्यकर्ता रतिबाला अरही की कथित हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन किए गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया, जिसके बाद केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनात करना पड़ा। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने गांव पर धावा बोला और कुछ घरों में आग लगा दी। सूत्रों ने बताया कि सोनाचुरा गांव में अज्ञात बदमाशों ने कुछ भाजपा समर्थकों के घरों पर धावा बोला और उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता रतिबाला अरही की मौत हो गई और उनके बेटे संजय अरही समेत सात अन्य घायल हो गए। हालत बिगड़ने के बाद संजय को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 75,418.04
+1196.98 +1.61% ↑
एनएसई :22,967.65
369.85 (1.64%) ↑

**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें X @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**सार्वजनिक ई-निविदा सूचना सं. सी/ई.29/इले./एम/एससी/05/पीए/ओटी/2024-25 दि. 21-05-2024** पीयूबी/0483
कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दिए गए कार्य के लिए **12-06-2024** को **15.00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित है।
1. **ई-निविदा सं.** : ई-निविदा सं. सी/ई.29/इले./एम/एससी/05/पीए/ओटी/2024-25. ई-निविदा सं. ई-एम-एससी-05-ओटी- 2024-25. **कार्य का नाम** : सिकन्दराबाद डिवीजन : विद्युतीय रखरखाव विभाग - अमृत भारत स्टेशन स्कीम के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर पैसेंजर लिफ्ट्स (कुल 12 नग) (जेडएन, वाईडीडी,एमडीआर, पीडीपीएल, जेडबी एवं बीएमटी स्टेशनों पर प्रत्येक 2 नग) की आपूर्ति एवं प्रतिष्ठापन। **निविदा मूल्य (रु.)** : 3,49,02,134.00, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 3,24,500.00/-, **सीटीएफ** : **रु. 0.00**, **पूरा करने की अवधि** : **09** महीने.
वरि. मंडलीय विद्युतीय अभियंता (रखरखाव), सिकन्दराबाद

**सार्वजनिक ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/15/2024, दि : 22-05-2024** पीयूबी/0484
कृते एवं **भारत के राष्ट्रपति** की ओर से, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रत्येक के आगे उल्लेखित तिथि को **15-00 बजे** तक ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।
**क्र.सं.: 1. निविदा सं.** : ई-जोन-01-आरवाईपी-2024. **कार्य का नाम** : वार्षिक जोनल ठेका - 01-07-2024 से 30.06.2025 तक अवधि हेतु रायनापाडु, द.म. रेलवे पर वैगन वर्कशाप एवं स्क्रैप डिपो में सभी शाप्स, सर्विस बिल्डिंग्स, रोड्स, वाटरिंग अरेंजमेंट्स के रखरखाव हेतु वार्षिक सेक्शन ठेका। **पूरा करने की अवधि** : 12 (बारह) महीने, **निविदा मूल्य** : रु. 1,21,75,807/-, **पूधरा** : रु. 2,00,300/-, **बंद होने की तिथि : 04-06-2024.**
**क्र.सं.: 2. निविदा सं.** : ई-जोन-02-आरवाईपी-2024. **कार्य का नाम** : 01.07.2024 से 30.06.2025 तक अवधि हेतु वैगन वर्कशाप कॉलोनी, रायनपाडु (द.म. रेलवे) में सभी क्वार्टर्स टाइप-I, टाइप-II, टाइप-III, टाइप-IV एवं सर्विस बिल्डिंग्स, रोड्स, वाटरिंग अरेंजमेंट्स के रखरखाव हेतु वार्षिक जोनल ठेका। **पूरा करने की अवधि** : 12 (बारह) महीने, **निविदा मूल्य** : रु. 81,60,000/-, **पूधरा** : रु. 1,63,200/-, **बंद होने की तिथि : 05-06-2024.**
**क्र.सं.: 3. निविदा सं.** : ई-21-ईस्ट-बीजेडए-2024. **कार्य का नाम : बीजेडए डिवीज़न** : 2 वर्ष की अवधि हेतु डीईएन/ईस्ट/ बीजेडए अधिकार क्षेत्र के एडीईएन/ लाइंस/बीजेडए एवं एडीईएन/ बीवीआरएम सब-डिवीजनों में सीएमएस क्रासिंग्स एवं टंग रेल्स की रिकंडीशनिंग। **पूरा करने की अवधि** : 24 (चौबीस) महीने, **निविदा मूल्य** : रु. 69,09,579/-, **पूधरा** : रु. 2,28,000/-, **बंद होने की तिथि : 07-06-2024.**
**क्र.सं.: 4. निविदा सं.** : ई-16-साउथ-2024. **कार्य का नाम** : सीनि. डीईएन/ब्रिजेस/ बीजेडए के अंतर्गत नेल्लूर स्टेशन पर यार्ड में कवर्ड स्टोरेज शेड का प्रस्तावित निर्माण। **पूरा करने की अवधि** : 09 (नौ) महीने, **निविदा मूल्य** : रु. 1,37,53,871/-, **पूधरा** : रु. 2,18,800/-, **बंद होने की तिथि : 13-06-2024.**
(1) संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि किसी निविदा में किसी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पूर्व वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
डिवीजनल रेलवे मैनेजर (कार्य), विजयवाड़ा

**ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36/303 एवं 304 दिनांक : 21-05-2024** पीयूबी/0485
अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए **12-06-2024** को **12.00** बजे तक ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।
1. **आईडी सं. : 303. कार्य का नाम** : (1) गुंटूर डिवीजन में सीटीवाईएल- एसआरएमआर के मध्य किमी. 49/15-16 पर मिड सेक्शन एलसी नं. 26 की प्रस्तावित इंटरलाकिंग, (2) गुंटूर डिवीजन में एनडीकेडी-एमसीएलए के मध्य किमी. 105/20-21 पर मिड सेक्शन एलसी नं.89 की प्रस्तावित इंटरलाकिंग, (3) गुंटूर डिवीजन में एनडीकेडी- एमसीएलए के मध्य किमी. 107/14-15 पर मिड सेक्शन एलसी नं. 90 की प्रस्तावित इंटरलाकिंग, (4) गुंटूर डिवीजन में आरएएल-वीएमयू के मध्य किमी. 31/17-18 पर मिड सेक्शन एलसी नं. 285 की प्रस्तावित इंटरलाकिंग, के संबंध में सिग्नलिंग एवं टेलीकाम व्यवस्थाएँ। **अनुमानित मूल्य (रु.)** : 1,41,94,411.5/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा (रु.)** : 2,21,000/-, **निविदा दस्तावेज का मूल्य (रु.)** : 0/-.
2. **आईडी सं. : 304. कार्य का नाम** : दो वर्ष के लिए गुंटूर डिवीजन में सेकेंडरी सेल्स के रखरखाव हेतु डिसटिल्ड वाटर की आपूर्ति एवं सेकेंडरी सेल्स 2वी-80 एएच, 120 एएच, 200 एएच एवं 300 एएच की प्रारंभिक चार्जिंग। **अनुमानित मूल्य (रु.)** : 14,81,000/-, **पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा (रु.)** : 29,600/-, **निविदा दस्तावेज का मूल्य (रु.)** : 0/-.
1. ई-बोलियों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि : **12-06-2024 को 12.00** बजे तक है। विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** को लॉगऑन करें।
2. कोई अतिरिक्त संदेश/शुद्धिपत्र ई-पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा।
सीनि. डिवीजनल सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर/गुंटूर

**निविदा सूचना सं. : जी/ई.29/टीआर/ निविदा सूचना/05/2024-25** पीयूबी/0486
कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनियर डिवीजनल विद्युतीय इंजीनियर/ट्रैक्शन/गुण्टकल** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं।
1. **निविदा सं.** : जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-08-2024-25, **कार्य का नाम : गुंटकल डिवीज़न** - (i) एनएच-67 के नंद्याल-येर्रगुंट्ला सेक्शन पर जम्मालमडुगु एवं प्रोद्दुटूर स्टेशनों के मध्य रेलवे किमी. 108/1-2 पर एलसी नं.17 के स्थान पर नए फोर लेन आरओबी के प्रस्तावित निर्माण के संबंध में ओएचई को संशोधित कार्य. (ii) जीडीआर-आरयू सेक्शन में श्रीकालहस्ती-राचगुन्नेरी स्टेशनों के मध्य रेलवे किमी. 62/04-08 पर छह लेन आरओबी कम्पोजिट गिर्डर के प्रस्तावित निर्माण के संबंध में ओएचई को संशोधित कार्य. (iii) जीडीआर-आरयू सेक्शन में येल्लाकारू-श्रीकालहस्ती स्टेशनों के मध्य रेलवे किमी. 58/14-18 पर छह लेन आरओबी कम्पोजिट गिर्डर के प्रस्तावित निर्माण के संबंध में ओएचई को संशोधन कार्य। **अनुमानित मूल्य** : रु. 42,36,671/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 84,700/-
2. **निविदा सं.** : जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-09-2024-25, **कार्य का नाम : गुंटकल डिवीज़न** - आरयू-एनआरई सेक्शन के 33 केवी ओवरहेड पावर लाइन क्रासिंग्स का अंडरग्राउंड केबल क्रासिंग्स में परिवर्तन। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,01,61,400/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 2,00,800/-, **बंद होने की तिथि एवं समय : 14-06-2024 को 15-00 बजे।**
**नोट** : 1. निविदादाता निविदा दस्तावेज़ मुफ्त में **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदा की बोली लगाने और अन्य विवरणों के लिए **http://www.ireps.gov.in** को लॉगइन करें। यदि कोई शुद्धिपत्र हो तो उसे केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।
सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, ट्रैक्शन, गुण्टकल

**निविदा सं. 03/2024-25/ सीनि. डीईई/टीआर /एचवाईबी** पीयूबी/0487
कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत **सीनि. डीईई/टीआर/एचवाईबी** द्वारा निविदा सं. **03/2024-25/ सीनि. डीईई/टीआर/एचवाईबी** के प्रति ई-निविदाएँ आमंत्रित हैं। **बंद होने की तिथि : 14-06-2024 को 15-00 बजे।** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियों को केवल बंद होने की तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज किया जाएगा।
1. **कार्य का विवरण : निविदा सं. 03/2024-25/ सीनि. डीईई/टीआर/ एचवाईबी** : हैदराबाद डिवीजन - पांडुरंग स्वामी रोड (पीएसआर) पर अतिरिक्त लूपलाइन का प्रावधान - विद्युतीय टीआरडी व्यवस्थाएँ। **अनुमानित मूल्य** : रु. 2,26,68,256.66/-, **पूर्व धरोहर राशि** : रु. 2,63,400.00/-, **पूरा करने की अवधि** : 06 महीने, **बंद होने की तिथि** : 14-06-2024.
वेबसाइट विवरण : **www. ireps.gov.in**
**सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा के पूरे विवरणों को देखा जा सकता है** : सीनि. डीईई/टीआर/ एचवाईबी कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकन्दराबाद-500025.
सीनि. डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, (ट्रैक्शन), हैदराबाद
A0612
अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in' या www.scr.indianrailways.gov.in देखें

प्रथम पुण्यतिथि



**स्व. श्रीमती सत्यभामा अग्रवाल**
(धर्मपत्नी : स्व. श्री मिथिलेश कुमार जी अग्रवाल)
स्वर्गवास : बुधवार, दि. 24 मई, 2023

हृदय की गहराईयों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं हम।
आपकी सरलता, सद्‌व्यवहार को कभी न भुला पायेंगे हम।।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : **डॉ. अजय अग्रवाल** (पुत्र)
(पूर्व एजीएम-सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, हैदराबाद)
**विजय-मंजु अग्रवाल** (पुत्र-पुत्रवधू), **कृति** (पौत्री)
**केतन-सिरीषा, स्मित-शुभांगी** (पौत्र-पौत्रवधू)
**किआन अग्रवाल** (प्रपौत्र)

